एमजीएम अलाइड हेल्थ साइंसेज इंस्टिट्यूट(MAHSI),महात्मा गाँधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय–इंदौर (म.प्र.)

क्रमांक/1735/प्रवेश/MAHSI/2023 इंदौर, दिनांक : 10-04-2023

पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु द्वितीय एवं MOP -UP ROUND काउन्सलिंग हेतु सुचना

स्वशासी महात्मा गाँधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय कि स्वायत्त स्ववित्तपोषित संस्था एमजीएम अलाइड हेल्थ साइंसेज इंस्टिट्यूट (MAHSI) में शैक्षणिक सत्र 2022–23 में प्रवेश हेतु जारी विज्ञापन क्र. 329/ सामा/ MAHSI/2023 इंदौर दिनांक 28–01–2023 के विरुद्ध प्राप्त आवेदनों की दिनांक 25–03–2023 को जारी अनंतिम प्रावीण्य सूची अनुसार विभिन्न पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों –डिग्री , डिप्लोमा, प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु दिनांक 03–04 **मार्च** 2023 को आयोजित प्रथम काउन्सलिंग प्रवेश प्रक्रिया के उपरांत रिक्त निम्नलिखित 100 सीटों पर पूर्व में दिनांक 25–02–2023 को जारी अनंतिम प्रावीण्य सूची के अनुसार उपयुक्त आवेदकों को पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों में द्वितीय काउन्सलिंग एवं MOP -UP ROUND काउन्सलिंग द्वारा प्रवेश हेतु **शुक्रवार, दिनांक 21–04–2023 को प्रातः 8.00 बजे** संस्था MAHSI , के.ई.एच. कंपाउंड ,म.य. चिकित्सालय परिसर ,इंदौर में आमनत्रित किया जाता है –

प्रवेश हेतु उपलब्ध रिक्त सीटों का विवरण

S.N	NAME OF COURSE	UR	SC	ST	OBC	TOTAL
1.	Bachelor of Physiotherapy (BPT)	00	00	09	00	09
2.	Bachelor of Occupational Therapy (BOT)	04	01	07	00	12
3.	Diploma in Dialysis Technician : DDT	19	03	06	05	33
4.	Diploma in Ophthalmic Assistant : DOA	10	01	00	00	11
5.	Diploma in Radiotherapy (Gama Camera) Technician:DRT	01	01	00	00	02
6.	Diploma in Cath. Lab Technician :DCLT	09	03	02	00	14
7.	Certificate in Operation Theater Tech. : COT	11	00	08	00	19
	कुल रिक्त/उपलब्ध सीट					**100**

नोट :– काउन्सलिंग प्रक्रिया निम्नानुसार संपन्न की जावेगी–

1. ऐसे आवेदक जो प्रथम काउंसलिंग में उपस्थित हुए किन्तु उनके चाहे गए पाठ्यक्रम में सीट उपलब्ध नहीं होने के कारण किसी पाठ्यक्रम में प्रवेश नहीं लिया एवं द्वितीय काउन्सलिंग हेतु अनुरोध प्रस्तुत किया गया है।
2. ऐसे आवेदक,जो प्रवेश हेतु पूर्व में आवेदन प्रस्तुत किये थे, किन्तु किन्ही कारणो से प्रथम काउंसलिंग में सम्मलित नहीं हो सके।
3. ऐसे इच्छुक आवेदक जो अभी तक प्रवेश हेतु आवेदन प्रस्तुत नहीं कर सके है,किन्तु संस्था में पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु इच्छुक है उनके लिए **द्वितीय काउन्सलिंग पूर्ण होने पर रिक्त सीटों की MOP -UP ROUND काउन्सलिंग का आयोजन निम्नानुसार किया जावेगा** –

(1) प्रवेश हेतु ऑफलाइन आवेदन दिनांक 21–04–2023 प्रात 10.30 बजे तक संस्था MAHSI केईएच कंपाउंड,एम.वाय.हॉस्पिटल कैंपस –इंदौर में प्रस्तुत किये जा सकते है।

(2) दिनांक 21–04–2023 को 01.30 बजे MOP -UP ROUND की अनंतिम मेरिट लिस्ट जारी की जावेगी।

(3) 02.00 बजे से MOP -UP ROUND की अनंतिम मेरिट लिस्ट के आधार पर काउन्सलिंग प्रक्रिया द्वारा तत्समय विभिन्न पाठ्यक्रमों में उपलब्ध सीटों पर प्रवेश दिया जावेगा।

पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों में सत्र 2022–23 में प्रवेश हेतु आवश्यक निर्देश

1. प्रवेश हेतु सीटों के आवंटन में मध्यप्रदेश राज्य शासन के आरक्षण सम्वन्धी नियमो का प्रावधान है।
2. काउंसलिंग द्वारा प्रवेश हेतु दर्शायी गयी नियत तिथि एवं समय पर सम्वन्धित आवेदक को समस्त आवश्यक दस्तावेजों एवं पाठ्यक्रम अनुसार निर्धारित शुल्क के साथ स्वयं उपस्थित होना अनिवार्य है, आवेदकों को पृथक से कोई कॉल लेटर/सुचना जारी नहीं की जावेगी।
3. काउंसलिंग द्वारा प्रवेश हेतु संस्था एमजीएम अलाइड हेल्थ साइंसेज इंस्टिट्यूट (MAHSI) की वेबसाइट www.mahsimgm.in पर जारी प्रवेश विवरणिका 2022–23 के नियम निर्देशों एवं शुल्क विवरण का अवलोकन कर लेवे एवं उक्तानुसार प्रवेश प्रक्रिया द्वारा पाठ्यक्रमों में प्रवेश लिया जा सकता है , प्रवेश के दौरान आवश्यक दस्तावेज /शुल्क जमा न करवा पाने पर पाठ्यक्रमों में प्रवेश नहीं दिया जा सकेगा एवं सीट मेरिट लिस्ट के अनुसार आगामी आवेदक को आवंटित कर दी जावेगी।
4. काउंसलिंग में सम्मलित होने आवेदकों को किसी भी प्रकार का किराया/यात्रा भत्ता संस्था द्वारा देय नहीं होगा।
5. हॉस्टल सुविधा केवल गर्ल स्टूडेंट्स हेतु रु.20000/– के भुगतान पर संस्था के छात्रावास में प्रदान की जावेगी।
6. पाठ्यक्रमों में उपलब्ध सीटों पर प्रवेश हेतु निर्धारित तिथि एवं समय पर स्वयं उपस्थित होकर काउन्सलिंग में सम्मलित होना अनिवार्य है , विलम्ब से उपस्थित होने की दशा में आवेदक का वरीयता सूची सम्वन्धी दावा निरस्त माना जा सकता है एवं उन्हें तत्समय उपलब्ध/रिक्त सीटों में से ही प्रवेश हेतु काउंसलिंग प्रक्रिया में सम्मलित होने का अवसर प्रदान किया जा सकेगा।

नोट :– काउंसलिंग तिथि/समय में किसी भी प्रकार के परिवर्तन की सुचना संस्था के नोटिस बोर्ड एवं वेबसाइट www.mahsimgm.in पर प्रकाशित की जावेगी, उक्तानुसार अवलोकन करते रहे।

(डॉ. संजय दीक्षित)
अधिष्ठाता एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी ,
महात्मा गाँधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय ,इंदौर

DEAN
MGM Medical College, Indore